an>

Title: Need to formulate a plan for development of small scale industries and skill development programmes in river islands particularly in Chandauli Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) ः मेरे संसदीय क्षेत्र चंदौली (उत्तर प्रदेश) में गोबरहां, रामचंद्रिपुर आदि ऐसे 7 गांव हैं जोकि गंगा नदी के बीच में पड़ते हैं जिनके दोनों तरफ से गंगा नदी बहती है। बरसात के मौसम में आवागमन से सारे गांव कटे रहते हैं और नौका से आवागमन सुनिश्चित होता है। यद्यपि यहां एक सेतु निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन यहां कभी असम के माजुली द्वीप जैसे हालात हो जाते हैं।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि देशभर में ऐसे ढाब क्षेत्र से आने वाले गांव की जमीन की उर्वरकता का निरीक्षण कराकर कृषि क्षेत्र सहित लघु उद्योग एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत एक योजना बनाकर एक विशेष पैकेज के तहत नदी की मध्य धारा में पड़ने वाले गांवों का विकास कराया जाए।